चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद

Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

**Public Relations Office**


**Newspaper:** **Amar ujala** **Date: 06-06-2023**

# खिलाड़ियों को 48.49 लाख के वितरित किए चेक

## उपमुख्यमंत्री ने सीआरएसयू में फेंसिंग खेल के लिए 21 लाख रुपये दिए

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में सोमवार को वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह में जिला के 255 खिलाड़ियों को 48.49 लाख रुपये के चेक वितरित किए गए। इसमें उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत कर यह चेक राशि खिलाड़ियों को दी।

इसमें पुरस्कार प्राप्त करने वालों में बॉक्सिंग, रैसलिंग, कराटे, खो-खो, सर्कल कबड्डी, नेशलन स्टाइल कबड्डी, हैंडबाल, वुशू में विभिन्न कैटेगेरी के लड़के व लड़कियों को यह राशि दी गई। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वर्तमान में अच्छी खेल प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए किक बॉक्सिंग, रग्बी व फेंसिंग जैसे गैर परंपरागत खेलों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गैर परंपरागत खेलों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली ओलंपिक प्रतियोगिताओं में भविष्य निश्चित है। लिहाजा नई खेल प्रतियोगिताओं एवं तकनीकों को अपनाकर खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने के साथ-साथ अच्छे रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकता है। उपमुख्यमंत्री ने खेल विभाग के अधिकारियों, खेल प्रशिक्षकों तथा युवा खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वह नई ऊर्जा के साथ नई खेल तकनीक अपनाएं।




हिंदू कन्या कॉलेज की खिलाड़ियों को चेक देते उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला। संवाद

### गैर परंपरागत खेलों को अपनाने की जरूरत

उपमुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय में फेंसिंग खेल के लिए अभ्यास केंद्र की स्थापना करने के लिए स्वैच्छिक कोष से 21 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की। इसके लिए उन्होंने विवि के खेल विभाग को यथाशीघ्र अभ्यास केंद्र बनाने के लिए कहा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कराटे, एथलेटिक्स, वुशू, रग्बी, फेंसिंग जैसे गैर परंपरागत, लेकिन व्यक्तिगत खेलों पर परंपरागत खेलों के बजाय कम मेहनत से ही खिलाड़ी विजय के शिखर को छू सकता है। उपमुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय में अलग से एक विशेष खेल पर आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करें। जिला के सभी कॉलेज भी अपनी सुविधानुसार एक-एक नया खेल अपनाएं और इसके लिए खिलाड़ियों को विशेष अभ्यास करवाएं। इस अवसर पर विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा, अमरजीत ढांडा, उपकुलपति डॉ. रणपाल सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. लवनीन मोहन, विश्वविद्यालय के डीन एसके सिन्हा, जजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण राठी, जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा मौजूद रहे।

## सीआरएसयू को खेल का हब बनाने के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराएगी सरकार

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय को शिक्षा के साथ-साथ खेल हब बनाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा जो भी प्रपोजल बनाकर भेजा जाएगा, सरकार उसके लिए पैसे देगी। एक प्रोजेक्ट के लिए तीन से पांच करोड़ रुपये दिए जाएंगे। जींद में खेलों में अच्छी संभावनाएं हैं, इनको और निखारने की जरूरत है। यह बात उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को सीआरएसयू में खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले और लगातार विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले शिक्षण संस्थानों के साथ एमओयू करके इसका लाभ उठाना चाहिए। केंद्र और राज्य सरकारें विभिन्न प्रावधानों के तहत सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित कर रही है। इस बारे प्रपोजल बनाकर सरकार को भेजें, जिससे तीन से पांच करोड़ रुपये की राशि विश्वविद्यालय को मुहैया करवाई जा सके।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद

Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik jagran** **Date: 06-06-2023**


# सीआरएसयू में विभिन्न खेलों के 255 खिलाड़ी 48 लाख रुपये से हुए सम्मानित

## वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि रहे डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला

जागरण संवाददाता, जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में सोमवार को वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने सत्र 2021-22 व सत्र 2022-23 के विभिन्न खेलों के 255 विजेता खिलाड़ियों को 48 लाख 49 हजार 400 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला के पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने इन दोनों सत्रों के पुरस्कार प्राप्त करने वालों में बाक्सिंग, कुश्ती, कराटे, खो-खो, सर्कल कबड्डी, नेशलन स्टाईल कबड्डी, हैंड बाल, वुशू इत्यादि में विभिन्न कैटेगेरी के लड़के व लड़कियां खिलाड़ियों के साथ-साथ टीम मैनेजर तथा कोच भी शामिल है। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि विधायक डा. कृष्ण मिढ़ा, विधायक अमरजीत ढांडा रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रणपाल सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। डिप्टी सीएम ने कहा कि सभी विजेता खिलाड़ी जिला के साथ-साथ पूरे प्रदेश व देश का गौरव है। इन खिलाड़ियों ने अपने निरंतर मेहनत व लग्न से विभिन्न कैटेगिरी में पदक जीत जिला का नाम दुनिया में रोशन किया है, इस पर सभी जिलावासी गर्व करते है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में अच्छी खेल प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए किक बाक्सिंग, रकबी व फैन्सिंग जैसे गैर परंपरागत खेलों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गैर परंपरागत खेलों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली ओलंपिक प्रतियोगिताओं में भविष्य निश्चित है। लिहाजा नई खेल प्रतियोगिताओं एवं तकनीकों को अपनाकर खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने के साथ-साथ अच्छे रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने खेल विभाग के अधिकारियों, खेल प्रशिक्षकों तथा युवा खिलाड़ियों का आह्वान किया कि वे नई ऊर्जा के साथ नई खेल तकनीक अपनाएं। डिप्टी सीएम ने खेल को प्रोत्साहन देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को अतिरिक्त आधारभूत खेल सुविधाएं सुलभ करवाने का ही नतीजा है कि वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय, कामनवेल्थ, एशियन तथा राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश के 40 प्रतिशत से ज्यादा मेडल जीतने वाले खिलाड़ी हरियाणा के है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में हरियाणा का मुकाबला करने वाला देश में कोई और राज्य नहीं है। हर खेल में यहां के खिलाड़ी कमाल कर रहे हैं। इसकी वजह यहां की खेल नीति है। सरकार खिलाड़ियों को स्कूल स्तर से ही निखारने लगती है। उन्हें हर सुविधा देती है और इनामों की बारिश करती है। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डा. लवनीन मोहन, विश्वविद्यालय के डीन एसके सिन्हा, डा. नरेश देशवाल, प्रो कुलदीप नारा, प्रो नरेश कुमार, प्रो जसबीर सूरा मौजूद थे।




सीआरएसयू में खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला। • विज्ञप्ति

### विश्वविद्यालय में बनेगा तलवारबाजी का अभ्यास केंद्र

उपमुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय में तलवारबाजी खेल के लिए अभ्यास केंद्र की स्थापना करने के लिए अपने कोष से 21 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की। इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय के खेल विभाग को यथाशीघ्र अभ्यास केंद्र बनाने के लिए कहा। इसमें तलवारबाजी के लिए दो लाइन और किट बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय के पतंजलि योग भवन में बोर्डिंग पीट 20-20 को तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को सुझाव दिया। डिप्टी सीएम ने कहा कि कराटे, एथलेटिक्स, वुशू, रकबी, फैंसिंग जैसे गैर परंपरागत खेलों में कम मेहनत से ही खिलाड़ी विजय के शिखर को छू सकता है।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद
Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

**Public Relations Office**

**Newspaper: Hari Bhoomi** **Date: 24-05-2023**

## चौधरी रणबीर सिंह विवि में विजेता खिलाड़ियों को दिए गए 48 लाख 49,400 रुपये के नगद पुरस्कार

# गैर परंपरागत खेलों को अपनाएं खिलाड़ी: डिप्टी सीएम

विश्वविद्यालय में फेंसिंग खेल के लिए अभ्यास केंद्र की स्थापना करने के लिए स्वैच्छिक कोष से 21 लाख देने की घोषणा

» सीआरएसयू में हुआ समारोह का आयोजन
» मंडी में सीवरेज व्यवस्था होगी सुदृढ़
» उप-मुख्यमंत्री ने कई कार्यक्रमों में की शिरकत
» अतिरिक्त मंडी में होगी सड़कें दुरुस्त
» नई पॉलिसी से किए जाएंगे पात्रों को टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में सोमवार को वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय स्थित पूर्व विधायक स्व. डा. हरिचंद मिड्ढा मैमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित हुए इस समारोह में हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की और जिला के पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने सत्र 2021-22 व सत्र 2022-23 के 255 विजेता खिलाड़ियों को 48 लाख 49,400 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इन दोनों सत्रों के पुरस्कार प्राप्त करने वालों में बॉक्सिंग, रैसलिंग, कराटे, खो-खो, सर्कल कबड्डी, नैशलन स्टाइल कबड्डी, हैंडबाल, वूशू इत्यादि में विभिन्न कैटेगरी के लड़के व लड़कियां खिलाड़ियों के साथ-साथ टीम मैनेजर तथा कोच भी शामिल है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सभी विजेता खिलाड़ी जिला के साथ-साथ पूरे प्रदेश व देश का गौरव है। इन खिलाड़ियों ने अपने निरंतर मेहनत व लग्न से विभिन्न कैटेगिरी में पदक जीत जिला का नाम दुनिया में रोशन किया है। इस पर सभी जिलावासी गर्व करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अच्छी खेल प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए किक बॉक्सिंग, रग्बिव फैन्सिंग जैसे गैर परम्परागत खेलों को अपनाने की जरूरत है। गैर परंपरागत खेलों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली ओलंपिक प्रतियोगिताओं में भविष्य निश्चित है। लिहाजा नई खेल प्रतियोगिताओं एवं तकनीकों को अपना कर खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने के साथ-साथ अच्छे रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकता है।



जींद। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले खिलाड़ी डिप्टी सीएम के साथ।

### पदक विजेता खिलाड़ियों पर जिले को नाज : ढांडा

समारोह को जुलाना के विधायक अमरजीत ढांडा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि युवा, महिला तथा गरीब का कल्याण मौजूदा सरकार की प्राथमिकताओं में शुमार है और इसके लिए निरंतर सार्थक प्रयास किए जा रहे है। जींद जिला के पदक विजेता खिलाड़ियों पर प्रत्येक जिला वासी को नाज है।

### यह रहे मौजूद

यहां विश्वविद्यालय उपकुलपति डा. रणपाल सिंह, रजिस्ट्रार डा. लवलीन मोहन, विश्वविद्यालय के डीन एसके सिन्हा, प्रो. कुलदीप नारा, प्रो. नरेश कुमार, प्रो. जसबीर सूरा जिला जजपा अध्यक्ष कृष्ण राठी, राजकीय महाविद्यालय जींद के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक उपस्थित थे।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

### अभ्यास केंद्र के लिए 21 लाख अनुदान की घोषणा

डिप्टी सीएम ने विश्वविद्यालय में फैंसिंग खेल के लिए अभ्यास केंद्र की स्थापना करने के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 21 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की। इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय के खेल विभाग को यथाशीघ्र अभ्यास केंद्र बनाने के लिए कहा। उपमुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय में अलग से एक विशेष खेल पर आधारित सैंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करेंए जिसमें उसी विशेष खेल के प्रति रूझान रखने वाले खिलाड़ियों को आवश्यक तकनीकों बारे अभ्यास करवाया जा सके। इसके अलावा जिला के सभी कॉलेज भी अपनी सुविधानुसार एक-एक नया खेल अपनाएं और इसके लिए खिलाड़ियों को विशेष अभ्यास करवाएं ताकि जिला में समग्र खेलों की बेहतर टीम तैयार हो सके। जींद के विधायक डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि आज जींद जिला में पीजीआई मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य चल रहा है। इस मेडिकल कॉलेज में इसी वर्ष ओपीडी भी शुरू कर दी जाएगी। इससे क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने मौजूदा रा'य सरकार का विधानसभा क्षेत्र के लिए 25 करोड़ रुपये सड़क सुधारीकरण को देने के लिए आभार जताया।



### अतिरिक्त अनाज मंडी में दुकानें लेने वाले आढ़तियों के बनाए जाएंगे लाईसेंस

कैथल। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में आढतियों की आढ़त बढ़ाने की संभावनों को तलाशा जाएगा और जो भी तय मापदंड अनुसार होगा, उसी के अनुरूप कार्य किया जाएगा। अतिरिक्त अनाज मंडी में दुकान लेने वाले आढतियों के लाईसैंस बनाए जाएंगे। साथ ही इस अतिरिक्त मंडी में शैड व सड़के दुरूस्त करने का काम किया जाएगा। इसके साथ-साथ नई अनाज मंडी में सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ किया जाएगा। प्रदेश में आढतियों और शैलर्स को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। कहा कि सरकार से पत्र आने पर आगामी सीजन में नई पॉलिसी से टैंडर करने का कार्य किया जाएगा। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर दे रही है। दो साल एक केस को छोड़कर कोई भी शैलर्स डिफाल्टर नहीं हुआ है। प्रदेश सरकार सभी कार्य समय पर कर रही है।

**यह रहे मौजूद:** कार्यक्रमों में हरियाणा डेयरी विकास प्रसंघ के चेयरमैन रणधीर सिंह, जिप चेयरमैन दीप मलिक, जेजेपी जिला प्रधान रणदीप कौल, चंद्र भान दयौरा, धूप सिंह माजरा, राजू ढुल पाई, जयवीर ढांडा, अवतार चीका, एडवोकेट हरदीप पाड़ला, पूर्व विधायक सतविंद्र राणा, दीप कमल सहारण, बलवान कोटड़ा, बिल्लू चंदाना, सुरेश राणा, प्रीतम कौलेखां, कृष्ण मित्तल, श्याम लाल गर्ग, अनिल चौधरी, सुनील चौधरी, साकेत मंगल, सोहन ढुल, धर्मपाल कठवाड़, रामकुमार गर्ग, अशोक बंसल, वीरभान जैन, संदीप चौधरी, नवनीत गोयल, मनोज सहारण, सतनाम सिंह, डॉ. अश्वनी गोयल आदि रहे।

# चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद

Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)


## Public Relations Office

**Newspaper: India Timer** **Date: 06-06-2023**




सटीक नजर-सबकी खबर INDIA TIMER

# इंडिया टाइमर

www.indiatimer.com indiatimer1@gmail.com indiatimer1 वर्ष : 9 || अंक : 12 || जीन्द, 6 जून, 2023 || पृष्ठ : 8 || मूल्य : 3 रुपए INDIATIMER @indiatimer1



इंडिया टाइमर में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
मोबाइल : 9050007221 9467504707


# सीआरएसयू में खिलाड़ियों पर उपमुख्यमंत्री ने की पुरस्कारों की बरसात

## अंतरराष्ट्रीय खेल पटल पर धाक जमाने के लिए किया गैर परंपरागत खेल अपनाने का आह्वान

## ◆ 48 लाख के नगद पुरस्कारों से किया सम्मानित

संजय शर्मा

**जींद, (इंडिया टाइमर):** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने खेल के क्षेत्र में पदक पाने वाले 255 खिलाड़ियों पर 48 लाख 49 हजार 400 रूपए के नगद पुरस्कारों की बरसात की। इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में धाक जमाने के लिए हरियाणा के खिलाड़ियों को गैर परंपरागत खेलों को भी अपनाने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री सोमवार को जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर रहे थे। विश्वविद्यालय में डा. हरिचंद मिढ्ढा मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित हुए इस समारोह में उन्होंने सत्र 2021-22 व सत्र 2022-23 के 255 विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिये। इन दोनों सत्रों के पुरस्कार प्राप्त करने वालों में बॉक्सिंग, रैसलिंग, कराटे, खो-खो, सर्कल कबड्डी, नैशलन स्टाईल कबड्डी, हैंड बाल, वूशू इत्यादि में विभिन्न कैटेगेरी के लड़के व लड़कियां खिलाड़ियों के साथ-साथ टीम मैनेजर तथा कोच भी शामिल थे। समारोह में मुख्यातिथि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, सम्मानित अतिथि जींद विधायक डा. कृष्ण लाल मिढ्ढा,जुलाना विधायक अमरजीत ढांडा का उपकुलपति डा. रणपाल सिंह और रजिस्ट्रार डा. लवनीन मोहन ने स्वागत किया। उपकुलपति ने विश्वविद्यालय की खेल उपलब्धियों का विस्तार से ब्योरा दिया। इस अवसर पर डीन एस के सिन्हा, डॉ. कुलदीप नारा, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. जसबीर सूरा, जजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण राठी, जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा सहित अन्य शिक्षाविद्ध मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी विजेता खिलाड़ी जिला के साथ-साथ पूरे प्रदेश व देश का गौरव है। इन खिलाड़ियों ने अपने निरंतर मेहनत व लग्न से विभिन्न कैटेगिरी में पदक जीत जिला का नाम दुनिया में रोशन किया है। खिलाड़ियों में नई उर्जा का संचार करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में अच्छी खेल प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए किक बॉक्सिंग, रकबी व फैन्सिंग जैसे गैर परम्परागत खेलों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गैर परंपरागत खेलों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली ओलिंपिक प्रतियोगिताओं में भविष्य निश्चित है। लिहाजा नई खेल प्रतियोगिताओं एवं तकनीकों को अपनाकर खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने के साथ-साथ अच्छे रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकता है। उपमुख्यमंत्री ने खेल विभाग के अधिकारियों, खेल प्रशिक्षकों तथा युवा खिलाड़ियों का आह्वान किया कि वे नई ऊर्जा के साथ नई खेल तकनीक अपनाएं। उपमुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय में फैन्सिंग खेल के लिए अभ्यास केन्द्र की स्थापना करने के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 21 लाख रूपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की। इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय के खेल विभाग को यथाशीघ्र अभ्यास केन्द्र बनाने के लिए कहा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कराटे, एथलेटिक्स, वुशू, रकबी, फैंसिंग जैंसे गैर परम्परागत लेकिन व्यक्तिगत खेलों पर परम्परागत खेलों की बजाए कम मेहनत से ही खिलाड़ी विजय के शिखर को छू सकता है, लिहाजा कोचो और खिलाड़ियों को भविष्य की खेल जरूरतों के मद्देनजर नए खेल को अपनाना चाहिए।






### सीआरएसयू में यूं होती है खिलाड़ियों पर बरसात

वीसी डॉ. रणपाल सिंह ने कहा कि प्रथम स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी को 35000, द्वितीय स्थान वाले खिलाड़ी को 30,000 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 25000 विश्वविद्यालय की तरफ से नगद राशि पुरस्कार दिये जाते है। उन्होंने बताया कि खेल के दौरान चोटिल होने वाले खिलाड़ियों को एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी में जाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा खिलाड़ियों को 15 से 20 लाख रुपए सहायता दी जाती है।

### सीआरएसयू में सैंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करने के निर्देश

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय में अलग से एक विशेष खेल पर आधारित सैंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करें, जिसमें उसी विशेष खेल के प्रति रूझान रखने वाले खिलाड़ियों को आवश्यक तकनीकों बारे अभ्यास करवाया जा सके। इसके अलावा जिला के सभी कॉलेज भी अपनी सुविधानुसार एक-एक नया खेल अपनाएं और इसके लिए खिलाड़ियों को विशेष अभ्यास करवाएं ताकि जिला में समग्र खेलों की बेहतर टीम तैयार हो सके। उपमुख्यमंत्री ने खेल को प्रोत्साहन देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को अतिरिक्त आधारभूत खेल सुविधाएं सुलभ करवाने का ही नतीजा है कि वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय, कॉमनवैल्थ, एशियन, तथा राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश के 40 प्रतिशत से ज्यादा मैडल जीतने वाले खिलाड़ी हरियाणा के है।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद

Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesri** **Date: 06-06-2023**



# डिप्टी सीएम ने खिलाड़ियों पर की पुरस्कारों की बरसात

## पदक पाने वाले 255 खिलाड़ियों को 48 लाख से ज्यादा के नकद पुरस्कारों से किया सम्मानित

**जींद,** संजय शर्मा(पंजाब केसरी): हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने खेल के क्षेत्र में पदक पाने वाले 255 खिलाडियों पर 48 लाख 49 हजार 400 रूपए के नगद पुरस्कारों की बरसात की। इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में धाक जमाने के लिए हरियाणा के खिलाडियों को गैर परंपरागत खेलों को भी अपनाने का आहन किया। उप मुख्यमंत्री सोमवार को जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर रहे थे। विश्वविद्यालय में डा. हरिचंद मिढ्ढा मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित हुए इस समारोह में उन्होंने सत्र 2021-22 व सत्र 2022-23 के 255 विजेता खिलाडियों को पुरस्कार दिये। इन दोनों सत्रों के पुरस्कार प्राप्त करने वालों में बॉक्सिंग, रैसलिंग, कराटे, खो-खो, सर्कल कबड्डी, नैशलन स्टाईल कबड्डी, हैंड

- **अंतरराष्ट्रीय खेल पटल पर धाक जमाने के लिए किया गैर परंपरागत खेल अपनाने का आह्वान**

बाल, वूशू इत्यादि में विभिन्न कैटेगेरी के लडक़े व लड़कियां खिलाडियों के साथ-साथ टीम मैनेजर तथा कोच भी शामिल थे। समारोह में मुख्यातिथि उपमुखयमंत्री दुष्यंत चौटाला, सम्मानित अतिथि जींद विधायक डा. कृष्ण लाल मिढ्ढा, जुलाना विधायक अमरजीत ढांडा का उपकुलपति डा. रणपाल सिंह और रजिस्ट्रार डा. लवनीन मोहन ने स्वागत किया। उपकुलपति ने विश्वविद्यालय की खेल उपलब्धियों का विस्तार से ब्योरा दिया। इस अवसर पर डीन एस के सिन्हा, डॉ. कुलदीप नारा, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. जसबीर सूरा, जजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण राठी, जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा सहित अन्य




उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला समारोह में खिलाडियों को सम्मानित करते हुए ।

शिक्षाविद्ध मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पुरस्कार विजेता खिलाडियों को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी विजेता खिलाड़ी जिला के साथ-साथ पूरे प्रदेश व देश का गौरव है। इन खिलाडियों ने अपने निरंतर मेहनत व लग्न से विभिन्न कैटेगिरी में पदक जीत जिला का नाम दुनिया में रोशन किया है। खिलाडियों में नई उर्जा का संचार करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में अच्छी खेल प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए किक बॉक्सिंग, रकबी व फैन्सिंग जैसे गैर परम्परागत खेलों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गैर परंपरागत खेलों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली ओलिंपिक प्रतियोगिताओं में भविष्य निश्चित है। लिहाजा नई खेल प्रतियोगिताओं एवं तकनीकों को अपनाकर खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने के साथ-साथ अच्छे रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकता है। उपमुख्यमंत्री ने खेल विभाग के अधिकारियों, खेल प्रशिक्षकों तथा युवा खिलाडियों का आह्वान किया कि वे नई ऊर्जा के साथ नई खेल तकनीक अपनाएं। उपमुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय में फैन्सिंग खेल के लिए अभ्यास केन्द्र की स्थापना करने के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 21 लाख रूपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की। इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय के खेल विभाग को यथाशीघ्र अभ्यास केन्द्र बनाने के लिए कहा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कराटे, एथलेटिक्स, वुशु, रकबी, फैंसिंग जैंसे गैर परम्परागत लेकिन व्यक्तिगत खेलों पर परम्परागत खेलों की बजाए कम मेहनत से ही खिलाड़ी विजय के शिखर को छू सकता है, लिहाजा कोचो और खिलाडियों को भविष्य की खेल जरूरतों के मद्‌देनजर नए खेल को अपनाना चाहिए।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद

Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesri** **Date: 06-06-2023**

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# उपमुख्यमंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को 48 लाख 49 हजार 400 रुपए नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

## ● विश्वविद्यालय में अलग से विशेष खेल पर आधारित सैंटर ऑफ एक्सीलैंस स्थापित करने के दिए निर्देश





खिलाड़ियों को सम्मानित करते उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला। कार्यक्रम को सम्बोधित करते उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

**● भविष्य की अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के मद्देनजर हमारे खिलाड़ियों को भी गैर परम्परागत खेलों को अपनाने की जरूरत : दुष्यंत चौटाला**

सवेरा न्यूज/नरेंद्र

जींद 5 जून : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में सोमवार को वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय स्थित पूर्व विधायक स्व. डॉ. हरिचंद मिढ्ढा मैमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित हुए इस समारोह में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और जिला के पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सत्र 2021-22 व सत्र 2022-23 के 255 विजेता खिलाड़ियों को 48 लाख 49 हजार 400 रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इन दोनों सत्रों के पुरस्कार प्राप्त करने वालों में बॉक्सिंग, रैसलिंग, कराटे, खो-खो, सर्कल कबडडी, नैशनल स्टाइल कबड्डी, हैंड बाल, वूशु इत्यादि में विभिन्न कैटेगेरी के लड़के व लड़कियां खिलाड़ियों के साथ-साथ टीम मैनेजर तथा कोच भी शामिल रहे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी विजेता खिलाड़ी जिला के साथ-साथ पूरे प्रदेश व देश का गौरव है। इन खिलाड़ियों ने अपने निरंतर मेहनत व लग्न से विभिन्न कैटेगिरी में पदक जीत जिला का नाम दुनिया में रोशन किया है, इस पर सभी जिलावासी गर्व करते है। उपमुख्यमंत्री ने खेल विभाग के अधिकारियों, खेल प्रशिक्षकों तथा युवा खिलाड़ियों का आह्वान किया कि वे नई ऊर्जा के साथ नई खेल तकनीक अपनाएं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शुरूआत में कोच व खिलाड़ी के लिए गैर परम्परागत नए खेलों के प्रशिक्षण में थोड़ी दिक्कत आ सकती है, लेकिन सही समय पर सही अभ्यास की बदौलत हर हाल में किसी भी खेल में खिलाड़ी विजय प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम से पहले उपमुख्यमंत्री सहित सभी महानुभाव ने विश्वविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण किया। हरियाणा में खिलाड़ियों के लिए सुविधाएं काफी अच्छी हैं और यही कारण है कि यहां सबसे ज्यादा खिलाड़ी तैयार होते हैं। इस अवसर पर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. रणपाल सिंह, रजिस्ट्रार डा. लवनीन मोहन, विश्वविद्यालय के डीन एसके सिन्हा, प्रो. कुलदीप नारा, प्रो. नरेश कुमार, प्रो. जसबीर सूरा, जिला जजपा अध्यक्ष कृष्ण राठी, जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा, राजकीय महाविद्यालय जींद के प्राचार्य डॉ. सत्यवान मलिक उपस्थित रहे।

HARYANA Edition
Jun 6, 2023 Page No. 22
Powered by : eReleGo.com

**Newspaper: Jind Bhaskar** **Date: 06-06-2023**

खेल पारितोषिक वितरण • दुष्यंत चौटाला ने 255 पदक विजेताओं को बांटे 48 लाख

# तलवारबाजी का सीआरएसयू में केंद्र बनेगा, डिप्टी सीएम ने दिए 21 लाख

भास्कर न्यूज़ | जींद

चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में सोमवार को वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शिरकत की। उन्होंने विश्वविद्यालय में फेंसिंग खेल के लिए अभ्यास केंद्र की स्थापना करने के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा भी की। विश्वविद्यालय में अलग से विशेष खेल पर आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिले के पदक विजेता 255 खिलाड़ियों को 48 लाख 49 हजार 400 रुपए का नकद राशि के पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इन दोनों सत्रों के पुरस्कार प्राप्त करने वालों में बॉक्सिंग, रेसलिंग, कराटे, खो-खो, सर्कल कबड्डी, नेशनल स्टाइल कबड्डी, हैंडबॉल, वुशू इत्यादि में विभिन्न कैटेगरी के लड़के व लड़कियां खिलाड़ियों के साथ-साथ टीम मैनेजर तथा कोच भी शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाइस चांसलर प्रो. रणपाल सिंह ने की। उन्होंने यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी की ओर से खेलों के लिए 20 लाख रुपए का बजट रखा गया है। इस पर डिप्टी सीएम ने कहा कि आप 16 करोड़ ट्यूशन फीस लेते हो उसमें से 50 लाख रुपए का बजट तो कम रखो। आपकी चार छात्राएं इंटरनेशनल खेलकर आई हैं और अगले वर्ष 20 हो जाएंगी।




खेल पुरस्कार वितरण समारोह में पदक विजेता खिलाड़ी को राशि देकर सम्मानित करते डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

## अंतरराष्ट्रीय, कॉमनवेल्थ में 40 प्रतिशत से ज्यादा मेडल जीतने वाले हरियाणवी

चौटाला ने कहा कि सभी विजेता खिलाड़ी जिला के साथ-साथ पूरे प्रदेश व देश का गौरव है। इन खिलाड़ियों ने अपने निरंतर मेहनत व लग्न से विभिन्न कैटेगरी में पदक जीत जिला का नाम दुनिया में रोशन किया है। वर्तमान में अच्छी खेल प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए किक बॉक्सिंग, रकबी व फेंसिंग जैसे गैर परंपरागत खेलों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को अतिरिक्त आधारभूत खेल सुविधाएं सुलभ करवाने का ही नतीजा है कि वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय, कॉमनवेल्थ, एशियन और राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश के 40 प्रतिशत से ज्यादा मेडल जीतने वाले खिलाड़ी हरियाणा के हैं। विधायक डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि आज जींद जिला में पीजीआई मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य चल रहा है। इस मेडिकल कॉलेज में इसी वर्ष ओपीडी भी शुरू कर दी जाएगी। इससे क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। जुलाना के विधायक अमरजीत ढांडा ने खेल व शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के उपकुलपति डा. रणपाल सिंह, रजिस्ट्रार डा. लवनीन मोहन, विश्वविद्यालय के डीन एस के सिन्हा, प्रो.कुलदीप नारा, प्रो. नरेश कुमार, प्रो. जसबीर सूरा, जिला जजपा अध्यक्ष कृष्ण राठी, जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि क ुलदीप रंधावा, राजकीय महाविद्यालय जींद के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक मौजूद रहे।